विषय कोड :
Subject Code : **105**

प्रश्न पत्र सेट कोड
Question Paper Set Code
**C**

# SECONDARY SCHOOL EXAMINATION
## 2019 – (ANNUAL)
## SANSKRIT (SIL)
## द्वितीय भारतीय भाषा–संस्कृत

प्रश्न–पत्र पुस्तिका क्रमांक
Question Booklet Serial No.
105-0818-163

कुल प्रश्नों की संख्या: 55
Total No. of Questions: 55

कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 16
Total No. of Printed Pages: 16

(समय: 3 घंटे 15 मिनट)
[Time: 3 Hours 15 Minutes]

(पूर्णांक: 100)
[Full Marks: 100]

*परीक्षार्थियों के लिये निर्देश:–*
**Instructions for the candidates:**

1. *परीक्षार्थी यथा संभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।*
2. *दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।*
3. *इस प्रश्न पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।*
4. *यह प्रश्न–पत्र दो खण्डों में है, खण्ड – अ एवं खण्ड – ब ।*
5. *खण्ड - अ में 50 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। (प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित है), इनका उत्तर उपलब्ध कराये गये OMR – उत्तर पत्रक में दिये गये सही वृत्त को काले/नीले बॉल पेन से भरें। किसी भी प्रकार के व्हाइटनर/तरल पदार्थ/ब्लेड/नाखून आदि का उत्तर पुस्तिका में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।*
6. *खण्ड – ब में कुल 5 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के समक्ष अंक निर्धारित हैं।*
7. *किसी तरह के इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का उपयोग पूर्णतया वर्जित है।*



BiharboardQuestionpaper.com

## खण्ड –अ

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

*प्रश्न संख्या 1 से 50 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से एक सही है। अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR – शीट पर चिन्हित करें।* *(50X1=50)*

**1.** शास्त्र मानवों को किसका बोध कराता है?

(A) हर्तव्य (B) धर्तव्य

(C) कर्तव्याकर्तव्य (D) मन्तव्य

**2.** 'कृ' धातु के लोट्लकार मध्यम पुरुष एक वचन का रूप कौनसा है?

(A) कुर्वन्ति (B) करिष्यति

(C) कुरु (D) करोतु

**3.** घर में लगी आग को देखकर कौन लोग पलायमान हो गये?

(A) आलसी लोग (B) समझदार लोग

(C) फुर्तीले लोग (D) धूर्त लोग

**4.** विनय को कौन मारता है?

(A) सुकीर्ति (B) अपकृति

(C) अकीर्ति (D) अनाकीर्ति



BiharboardQuestionpaper.com

5. ऋषि गौतम ने किस दर्शन की रचना की?

(A) सांख्य दर्शन
(B) न्याय दर्शन
(C) योग दर्शन
(D) चन्द्र दर्शन

6. 'भव' किस लकार का रूप है?

(A) लङ्
(B) लट्
(C) लोट्
(D) लृट्

7. वस्तुतः इस समय संसार किस महासागर के कूलमध्य स्थित दिख रहा है?

(A) प्रशान्त महासागर
(B) हिन्द महासागर
(C) अशान्ति महासागर
(D) अटलांटिक महासागर

8. तत्पुरुष समास का उदाहरण कौनसा है?

(A) काकबलिः
(B) देवदूतः
(C) अनुपयुक्तः
(D) नीलकण्ठः

9. पाटलिपुत्र का इतिहास कितने वर्ष पुराना है?

(A) आठ सौ वर्ष
(B) एक हज़ार वर्ष
(C) सात सौ वर्ष
(D) पन्द्रह सौ वर्ष


BiharboardQuestionpaper.com

10. दृश् + क्त्वा से कौन–सा शब्द बनेगा?

(A) द्रष्ट्वा
(B) द्रच्छ्वा
(C) दृष्ट्वा
(D) द्राष्ट्वा

11. ऋष्यादि प्रणीत को क्या कहते हैं?

(A) भृतक
(B) मृतक
(C) कृतक
(D) हृतक

12. वनवास–प्रसंग में राम–सीता लक्ष्मण के साथ कहाँ पहुँचते हैं?

(A) विचित्रकूट
(B) स्वर्णकूट
(C) चित्रकूट
(D) पर्णकूट

13. 'लता' शब्द के चतुर्थी एक वचन का रूप कौन सा है?

(A) लतया
(B) लतायाः
(C) लतायै
(D) लतानाम्

14. "विरक्तोऽभूत" में कौनसी सन्धि है?

(A) व्यंजन सन्धि
(B) स्वर सन्धि
(C) विसर्ग सन्धि
(D) पररूप सन्धि


BiharboardQuestionpaper.com

15. "मया ग्रन्थः पठितः" वाक्य के 'मया' पद में तृतीया विभक्ति किस सूत्र से हुई है?

(A) सहयुक्तेऽप्रधाने
(B) रूच्यर्थानां प्रियमाणः
(C) उक्ते कर्मणि प्रथमा
(D) अनुक्ते कर्तरि तृतीया

16. "आधार" में कौन–सी विभक्ति होती है?

(A) तृतीया
(B) प्रथमा
(C) अधिकरण
(D) षष्ठी

17. वराहमिहिर द्वारा रचित कौनसा ग्रन्थ है?

(A) आचार संहिता
(B) विचार संहिता
(C) बृहत्संहिता
(D) मंत्रसंहिता

18. कैसे पुरुष सभी जगह सुलभ होते हैं?

(A) सत्यवादी
(B) कटुवादी
(C) प्रियवादी
(D) यथार्थवादी

19. 'नारी' में कौन–सा स्त्री–प्रत्यय है?

(A) ङीष्
(B) ति
(C) ङीप्
(D) ङीन्

BiharboardQuestionpaper.com


BiharboardQuestionpaper.com

20. चारों आलसियों को कैसे बाहर किया गया?

(A) पैर पकड़कर (B) हाथ पकड़कर

(C) केश पकड़कर (D) बाँह पकड़कर

21. मन्दाकिनी नदी किस पर्वत के निकट बहती है?

(A) मलय पर्वत (B) मन्दार पर्वत

(C) चित्रकूट पर्वत (D) गृद्धकूट पर्वत

22. देव + त्व से कौन–सा शब्द बनेगा?

(A) देवता (B) देवत्वम्

(C) दावत्वम् (D) देवम्

23. वनमाला भवालकर किस काल की संस्कृत–कवयित्री थी?

(A) प्राचीनकाल (B) अति प्राचीनकाल

(C) मध्यकाल (D) वर्तमानकाल

24. निरुक्त का क्या कार्य है?

(A) यथार्थ बोध (B) वेदार्थ बोध

(C) अर्थ बोध (D) तत्त्व बोध


BiharboardQuestionpaper.com

25. 'गमनम्' में कौन सा प्रत्यय है?

(A) क्त्वा
(B) मयट्
(C) ल्युट्
(D) क्तवतु

26. अजः + टाप् से कौन–सा शब्द बनेगा?

(A) आजः
(B) अजा
(C) आजा
(D) अजान्

27. 'विद्वत्सु' किस शब्द का रूप है?

(A) विद्वान्
(B) विद्वन्
(C) विद्वस्
(D) विदवस्

28. 'बाणेन बिद्धः' का समस्त पद कौनसा है?

(A) बाणाबिद्धः
(B) बाणेबिद्धः
(C) बाणबिद्धः
(D) बाणोबिद्धः

29. "लघुतरः" में कौन–सा तद्धित प्रत्यय है?

(A) तमप्
(B) तव्यत्
(C) तरप्
(D) मयट्


BiharboardQuestionpaper.com

30. 'अनुरूपम्' किस समास का उदाहरण है?

(A) तत्पुरुष
(B) अव्ययीभाव
(C) कर्मधारय
(D) बहुव्रीहि

31. "तन्वंगी" में किन–किन वर्णों का मेल हुआ है?

(A) आ + उ
(B) उ + य्
(C) उ + अ
(D) ऊ + अ

32. परपीडन किस लिए होता है?

(A) पुण्य के लिए
(B) पाप के लिए
(C) नाश के लिए
(D) धर्म के लिए

33. "पराभवः" पद में कौनसा उपसर्ग है?

(A) प्र
(B) प्रा
(C) अप्
(D) परा

34. 'अघ्नन' में कौन सी धातु है?

(A) घ्नन्
(B) हन्
(C) हत्
(D) हव्


BiharboardQuestionpaper.com

35. "अकिञ्चनः" का विग्रह कौनसा है?

(A) ना किञ्चनः
(B) न अकिञ्चनः
(C) न किञ्चनः
(D) नो किञ्चनः

36. .......... भोजनं कृतम्। वाक्य के रिक्त स्थान में कौनसा पद होगा?

(A) मह्यम्
(B) मम
(C) माम्
(D) मया

37. 'अप्' उपसर्ग से कौनसा शब्द बनेगा?

(A) औपनिषदकम्
(B) अपकर्षः
(C) आकर्षः
(D) ओपकर्षः

38. विजयाङ्का का काल किस शतक में माना जाता है?

(A) पंचम
(B) सप्तम
(C) नवम
(D) अष्टम

39. अलसकथान्तर्गत मिथिला में कौन मंत्री थे?

(A) तपेश्वर
(B) भुवनेश्वर
(C) वीरेश्वर
(D) महेश्वर


BiharboardQuestionpaper.com

40. बनावटी आलस्य दिखाकर कौन भोजन ग्रहण करते थे?

(A) विद्वान्
(B) मूर्ख
(C) धूर्त
(D) जानकार

41. आधुनिक काल की संस्कृत लेखिकाओं में कौन अतीव प्रसिद्ध हैं?

(A) विभाराव
(B) आभाराव
(C) क्षमाराव
(D) रमाराव

42. सरस्वती का कुलगृह कौन सा महानगर था?

(A) भागलपुर
(B) नालन्दा
(C) पाटलिपुत्र
(D) दरभंगा

43. एक देश दूसरे देश को क्या देखकर जलता है?

(A) अपकर्ष
(B) उत्कर्ष
(C) आकर्ष
(D) परापकर्ष

44. नर्क के द्वार कितने प्रकार के हैं, जिनसे व्यक्ति का नाश होता है?

(A) चार प्रकार के
(B) पाँच प्रकार के
(C) तीन प्रकार के
(D) सात प्रकार के


BiharboardQuestionpaper.com

45. दुःख का विषय क्या है?

(A) शान्ति (B) शान्ति

(C) अशान्ति (D) क्रान्ति

46. स्वामीदयानन्द ने किस नगर में आर्यसमाज की स्थापना की?

(A) कोलकाता (B) मुम्बई

(C) पटना (D) चेन्नई

47. वेदरूपी शास्त्र क्या होता है?

(A) अनित्य (B) नित्य

(C) कृत्य (D) भृत्य

48. "मातुः" किस विभक्ति का रूप है?

(A) चतुर्थी (B) पंचमी

(C) प्रथमा (D) षष्ठी

49. "अपवर्गे तृतीया" सूत्र का उदाहरण कौनसा है?

(A) मासं व्याकरणं अधीतम् (B) मह्यम् शतं धारयति

(C) नरेषु उत्तमः नरः (D) तेन मासेन व्याकरणं पठितम्

50. वैर से वैर का शमन क्या है?

(A) संभव (B) असंभव

(C) नाम्भव (D) साम्भव



BiharboardQuestionpaper.com

## खण्ड –ब

## विषयनिष्ठ प्रश्न

### अपठित गद्यांश (13 अङ्का:)

1. अधोलिखित गद्यांशों को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसपर आधारित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दें–

(अ) "छात्रजीवनं नृणां सर्वाङ्गीणविकासार्थम् अतीव महत्वपूर्णं भवति। सकल समृद्धिदात्र्याः विद्यायाः प्रकाशः अस्मिन् छात्रजीवने एव सुलभो भवति। छात्रजीवने सदाचारस्य संयमनियम–पालनस्य महिमा गरीयान् वर्तते। सफलं छात्रजीवनम् मानवतायाः विकासक्रमे प्रथमं सोपानम्। सर्वेषां महापुरुषाणां छात्रजीवनं तेषां व्यक्तिवनिर्माणे महत्वपूर्णम् अस्ति।"

(i) एकपदेन उत्तरत– (2×1=2)

(क) विद्यायाः प्रकाशः कस्मिन् जीवने सुलभो भवति?

(ख) कस्य पालनं छात्रजीवने गरीयान् वर्तते?

(ii) पूर्णवाक्येन उत्तरत– (2×2=4)

(क) नृणां छात्रजीवनं किमर्थं महत्वपूर्णं भवति?

(ख) मानवतायाः विकासक्रमे प्रथमं सोपानं किम्?

(iii) अस्य गद्यांशस्य एकं समुचितं शीर्षकं लिखत। (1)



BiharboardQuestionpaper.com

## अथवा

'विद्या' शब्दस्य अर्थः 'ज्ञानम्' अस्ति। एषा विद्या महता प्रयत्नेन लभ्यते। विद्यावान् नरः एव सर्वत्र सम्मानं लभते। विद्या मानवस्य सर्वश्रेष्ठम् आभूषणं वर्तते। एषा कुरूपम् अपि सुरूपं करोति। विदेशे बन्धुवत् साहाय्यं करोति। अनया एव मानवः कीर्तिं धनम्–सुखम् च लभते। अतः सर्वैः जनैः स्वजीवने सुखं समृद्धिं च प्राप्तुं विद्या प्राप्तये प्रयत्नः करणीयः।

(I) एकपदेन उत्तरत– (1×2=2)

(i) कः सर्वत्र सम्मानं लभते?

(ii) मानवस्य सर्वश्रेष्ठम् आभूषणं किम्?

(II) पूर्णवाक्येन उत्तरत– (2×2=4)

(i) विद्या विदेशे किं करोति?

(ii) विद्या–प्राप्तये किमर्थं यत्नः करणीयः?

(III) अस्य गद्यांशस्य एकं समुचितं शीर्षकं लिखत। (1)

(ब) वर्तमानकाले विज्ञानस्य चमत्कारेषु अन्तरिक्षयानम् अपि वर्तते। अंतरिक्षयानस्य संरचना अतीव जटिला बहुव्ययसाध्या भवति। इदं नैव सामान्येन्धनेन अपितु अणुशक्त्या प्रधावति। अस्यैव सहाय्येन मनुपुत्रेण चन्द्रधरातले निजचरणम् आरोपितम्। सौरमण्डलस्य सदस्यानां ग्रहाणां यात्रा अनेनैव संभवा भविष्यति।

(i) एकपदेन उत्तरत– (2×1=2)

(क) अन्तरिक्षयांनस्य संरचना कीदृशी भवति?

(ख) ग्रहाणां यात्रा केन संभवा भविष्यति?

(ii) पूर्णवाक्येन उत्तरत– (2×2=4)

(क) अन्तरिक्षयानं अपि केषु वर्तते?

(ख) इदं कया प्रधावति?



BiharboardQuestionpaper.com

## अथवा

पश्य, पश्य! तत्र एकं उद्यानम् अस्ति। उद्यानम् न केवलं सुन्दरम् अपितु विशालम् अपि अस्ति। जनाः न केवलम् मनोरञ्जनाय अपितु विश्रामाय, चित्रस्य आह्लादाय, शुद्धपवनाय च उद्यानेषु भ्रमन्ति। तत्र उन्नताः वृक्षाः, मनोहराणि पुष्पाणि, खगानां च मधुरध्वनिः सर्वेभ्यः जीवेभ्यः सदैव सुखम् एव यच्छति। धन्यानि एतादृशानि उद्यानानि।

(I) एकपदेन उत्तरतः (2×1=2)

(i) उद्याने कीदृशाः वृक्षाः सन्ति?

(ii) उद्याने केषां ध्वनि सुखं यच्छति?

(II) पूर्णवाक्येन उत्तरत– (2×2=4)

(i) उद्यानेषु के भ्रमन्ति?

(ii) उद्यानं कीदृशम् अस्ति?

### संस्कृते–पत्र-लेखनम् (08 अङ्काः)

2. अधोलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर दें– biharboardquestionpaper.com (4×2=8)

(i) अपने परिवार के साथ की गयी यात्रा का वर्णन करते हुए मित्र को संस्कृत में पत्र लिखें।

(ii) बड़े भाई की शादी में जाने हेतु अवकाश की स्वीकृति के लिए प्रधानाध्यापक को संस्कृत में पत्र लिखें।

(iii) विद्यालय में खेल–प्रबंधन में सुधार हेतु प्रधानाध्यापक को संस्कृत में आवेदन पत्र लिखें।

(iv) अपने उत्तम परीक्षा–फल का विवरण देते हुए पिता को संस्कृत में पत्र लिखें।



BiharboardQuestionpaper.com

## अनुच्छेद–लेखनम् (07 अङ्का:)

3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर सात पंक्तियां का अनुच्छेद लिखें– (7×1=7)

(क) दीपोत्सव:

(ख) अस्माकं विद्यालय:

(ग) शीतर्तु:

(घ) आदर्श: छात्र:

(ङ) महापुरुष:

4. अधोलिखित में से किन्हीं छ: वाक्यों का अनुवाद संस्कृत में करें– (6×1=6)

(क) भारतवर्ष देवों की भूमि है।

(ख) चार भाइयों में राम सबसे बड़े थे।

(ग) बिहार की राजधानी पटना है।

(घ) नदियों में गंगा सबसे पवित्र है।

(ङ) वे सब अपने–अपने घर को चले गए।

(च) वह पढ़कर खेलने चला जाता है।

(छ) जल में मछलियाँ तैरती हैं।

(ज) गोपालक गाँव से घी लाता है।

(झ) राम के साथ लक्ष्मण भी वन गए।

(ञ) पंचवटी में राक्षसों का साम्राज्य था।



BiharboardQuestionpaper.com

## लघुत्तरीयाः प्रश्नाः(16 अङ्काः)

5. अधोलिखित में से किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दें– (8×2=16)

(क) गुरु के द्वारा शास्त्र का क्या लक्ष्य बतलाया गया है?

(ख) वेदाङ्गों के नाम लिखिए।

(ग) आज कौन कौन से आविष्कार विध्वंसक हैं?

(घ) असहिष्णुता का कारण–निवारण बताएँ।

(ङ) किस कारण से मंदाकिनी का जल कलुषित हो गया है?

(च) मध्यकाल में भारतीय समाज क्यों दूषित हो गया था?

(छ) रामप्रवेश की प्रतिष्ठा कहाँ–कहाँ देखी जा रही है?

(ज) नरक के तीन द्वार कौन–कौन से हैं?

(झ) कुल की रक्षा कैसे होती है?

(ञ) पण्डित किसे कहा जाता है?

(ट) सभी जनों की देशभक्ति कैसी होनी चाहिए?

(ठ) हमारी भारतभूमि कैसी है?

(ड) 'अलसकथा' पाठ में किसका वर्णन है?

(ढ) 'मंगलम्' पाठ के आधार पर सत्य का स्वरूप बतायें।

(ण) चन्द्रगुप्त मौर्य के काल में पाटलिपुत्र की रक्षा व्यवस्था कैसी थी?

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...
BiharboardQuestionpaper.com
अभी विजिट करें..
BiharboardQuestionpaper.com


BiharboardQuestionpaper.com